




# टाटा को बाय-बाय करने से पहले सीवरेज कार्य में रफ्तार

**▸ गुणवत्ता और गति पर फोकस चौड़ीकरण से पहले पूरे होंगे सभी कार्य**



**उज्जैन।** शहर में काम कर रही टाटा को बाय-बाय करने का अब मौका आ गया है। हालांकि इससे पहले अधूरे कार्य नगर निगम पूरे करना चाहता है, यही कारण है कि आयुक्त अभिलाष मिश्रा टाटा कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों को साथ में लेकर मैदान में उतरे, और कार्य में रफ्तार लाने के मद्देनजर अवलोकन किया।

महाकुंभ 2028 की तैयारियों के बीच शहर में विकास कार्यों को तेज़ी देते हुए नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि चौड़ीकरण से पहले सभी अधूरे कार्य प्राथमिकता से और गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएंगे। शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे कनेक्टिविटी और चौड़ीकरण कार्यों को इस तरह आगे बढ़ाया जा रहा है कि अन्य निर्माण कार्य प्रभावित न हों और श्रद्धालुओं व नागरिकों को सुगम आवागमन मिल सके। इधर कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य को भी गति दी जा रही है। मार्ग को व्यवस्थित और बाधा रहित बनाने के लिए एक ओर नाली निर्माण और दूसरी ओर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। गैलरी हटाने, विद्युत लाइन व्यवस्थित करने और मार्ग के किनारे स्थित धार्मिक स्थल के व्यवस्थित विस्थापन की प्रक्रिया भी तय समय में पूरी करने पर फोकस है। शहर में चल रहे इन कार्यों का उद्देश्य केवल सड़क चौड़ीकरण नहीं, बल्कि एक समग्र और सुगम यातायात व्यवस्था तैयार करना है, जिससे महाकुंभ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं जल संरक्षण को लेकर भी पहल जारी है। जलगंगा अभियान के तहत चामुंडा माता चौराहा स्थित नगर वन में बावड़ी की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए श्रमदान किया जाएगा। यह अभियान शहर में जल स्रोतों के संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**घर-घर कनेक्टिविटी**

टाटा कंपनी द्वारा अमृत 1.0 योजना के अंतर्गत शहर के कई क्षेत्रों में कनेक्टिव लाइन का कार्य जारी है। ऋषि नगर, सार्थक नगर, केटीएम शोरूम से शांति नगर, वेदनगर से नानाखेड़ा और रामघाट क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन और कनेक्टिविटी का काम प्रगति पर है। इन कार्यों को तेजी से पूरा करने के साथ ही प्रतिदिन मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया है, ताकि चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

# 1.50 लाख में रिश्ता : लुटेरी दुल्हन पकड़ाई, गिरोह की तलाश

**▸ नानाखेड़ा थाना पुलिस ने दुल्हन को हिरासत में लेकर साथियों की तलाश शुरू की**

**उज्जैन।** इंदौर रोड तपोभूमि चौराहा से लुटेरी दुल्हन के भागने का चौकाने वाला मामला सामने आया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने दुल्हन को हिरासत में लेकर उसके गिरोह में शामिल साथियों की तलाश शुरू की है।

इंदौर रोड स्थित तपोभूमि चौराहा पर यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। उसी दौरान इको गाड़ी क्रमांक एमपी 20 सीबी 8261 को रोका गया, उसमें कुछ लोग सवार थे। तभी गाड़ी में बैठी एक महिला ने कहा कि उसे जबरदस्ती लेकर जा रहे है। सभी को गाड़ी से बाहर निकाला गया, उसी दौरान महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ी में सवार महिला और कुछ लोगों ने भाग रही महिला को पकड़ लिया। यातायात निरीक्षक पहले तो कुछ समझ नहीं पाये, जब पूछताछ की गई तो पता चला मामला लुटेरी दुल्हन गिरोह और लेनदेन से जुड़ा है। तत्काल मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और लुटेरी दुल्हन के साथ सभी को थाने ले आई। जहां श्यामा पति कवंरलाल मोंगिया निवासी ढिकनीया धमोत्तर प्रतापगढ़ राजस्थान की शिकायत पर लुटेरी दुल्हन ज्योति पति धर्मेन्द्र जाट, उसके गिरोह में शामिल संगीता निवासी इंदौर और काजी कुमावत निवासी ग्राम रेवास देवड़ा मंदसौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने बताया कि गिरोह में शामिल साथियों की तलाश जारी है। जल्द गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा। शिकायतकर्ता श्यामा मोंगिया ने बताया कि उसके भाई पप्पू की शादी के लिये रिश्ता देख रहे थे। इस दौरान गांव अम्बाउ में रहने वाली मम्मी कमलाबाई ने कहा कि गांव आजा तेरे भाई पप्पू के लिये रिश्ता देखा है। वह गांव पहुंची तो पता चला कि ग्राम रेवासदेवड़ा के काजी कुमावत ने इंदौर में लड़की दिखाने की बात कहीं है। वह किराये की गाड़ी से बहन पेपाबाई, भाई पप्पू और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ किराये की गाड़ी से इंदौर पहुंचे। काजी ने 4 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराया। इंदौर पहुंचने पर काजी एक मकान पर ले गया। जहां ज्योति और संगीता मौजूद थे। ज्योति से शादी कराने की बात कहीं और डेढ़ लाख रुपये मांगे। रुपयों की पहले ही बात तय हो गई थी। काजी को रुपये दिये गये। उसने ज्योति को साथ भेजा दिया और खुद दूसरी गाड़ी से उज्जैन चलने के लिये कहा, जहां शादी की लिखा-पढ़ी करना तय हुआ था।

## एक नजर में



### शिव शक्ति महामृत्युंजय महायज्ञ का पारायण


**उज्जैन।** धार्मिक नगरी शिप्रा तट के समीप शहनाई गार्डन में रविवार सुबह सनातन संसार द्वारा आयोजित शिव शक्ति महामृत्युंजय महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ आचार्य वैदिक आचार्य पंडित धनीराम शास्त्री ने बताया कि 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण एक साथ एक संकल्प के साथ एक अग्नि की शक्ति से इस ऐतिहासिक महायज्ञ को संपन्न कर रहे हैं। यह महायज्ञ सनातन धर्म की पुनर्स्थापना, विश्व शांति, राष्ट्र कल्याण और समस्त प्राणियों के मंगल के लिए समर्पित है देश के कोने-कोने से आए 1008 वेदज्ञ ब्राह्मण के मुख्य से निकले वेद मंत्र आज इस पवित्र धरती को और भी पावन बना रहे हैं जो भी श्रद्धालु इस एक यज्ञ नहीं देख रहे वह सनातन इतिहास के उसे अध्याय के साक्षी बन रहे हैं जो आने वाली पीढियां याद रखेंगी इस महायज्ञ का संकल्प है सभी सनातनियों तक धर्म को पहुंचना धर्म का विषय पहुंचना धर्म से जोड़ना और धर्म के लिए प्रेरित करना है। पूरे विश्व में शांति हो, पूरे विश्व का कल्याण हो, पूरे विश्व को दीर्घायु, शतायु और निरोगी काया की प्राप्ति होने की कामनाएं की गई। यह महायज्ञ तब तक जारी रहेगा जब तक संकल्प पूर्ण ना हो जाए।



### चैंपियंस क्लब ने जीता टूर्नामेंट का खिताब

**उज्जैन।** शहर के आईबीएस ग्लोबल एकेडमी में पिछले एक माह से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट यूथ ऑफ उज्जैन 5.0 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। स्व. लालचंद रांका की पावन स्मृति में टीम उज्जैन लायंस के तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में 12 टीमों के 144 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और रोमांचक मुकाबले खेले। फाइनल मुकाबले में विनय बोबरिया की टीम उज्जैन चैंपियंस क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत दर्ज की और ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, रिंकू चांदवानी की टीम चांदवानी सुपर किंग्स उपविजेता रही। इस खिताबी मुकाबले को देखने के लिए 600 से अधिक दर्शक उपस्थित रहे। मैच के पश्चात आतिशबाज़ी के साथ समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दीपेश सुरुचि रांका द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं इनामी राशि प्रदान की गई। टीम उज्जैन लायंस के आदिश जैन ने बताया कि यह आयोजन खेल भावना और एकता का प्रेरणादायक उदाहरण रहा। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी नवाज़ा गया। आयोजन को सफल बनाने पर आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### पंचक्रोशी यात्रियों को फलाहार का वितरण



**उज्जैन।** श्री अलखमेहरधाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर (शिवाजी पार्क) द्वारा पंचक्रोशी यात्रियों के लिये सेवा शिविर लगाया गया। महंत स्वामी आत्मादास उदासीन ने इंदौर रोड स्थित मेडिया मार्ग में बाबा बालकेश्वर मंदिर पर सेवा शिविर का शुभारंभ किया। आश्रम के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि तीन दिवसीय पंचक्रोशी यात्रा में यात्रियों के सेवा-सत्कार व विश्राम हेतु टेंट लगाया गया। शीतल वायु के लिये कूलरों की, शीतल जल के लिये प्याऊ लगायी गयी। फलाहार-चना-चिरौंजी-सुगर कैंडी, आइस्क्रीम तथा तीन दिनों में पचास हजार कोल्ड ड्रिंक्स वितरित की गयी। आश्रम के संत मंडल अमोलकदास, अमरदास, रामदास, तीरथदास, शुकदेव मुनि, पुजारी नंदराम व्यास, भक्तगण सीताराम शर्मा, रवि फुलवानी, धीरज परिहार, महेश मालवीय, ताराचंद हीरानी ने सतत सेवाएं देकर धर्मलाभ लिया। आयुर्वेद चिकित्सक महेश त्रिवेदी ने आश्रम की ओर से औषधियों का वितरण किया।

### शिवसेना संगठन में प्रमुख पदों पर नियुक्तियां





**उज्जैन।** शिवसेना के मुख्य नेता एकनाथ शिंदे एवं शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में संगठन को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसी क्रम में सुरेश गुर्जर को पुन: मध्यप्रदेश शिवसेना प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है, साथ ही अधिवक्ता राजीव चतुर्वेदी को भी पुन: मध्यप्रदेश शिवसेना का राज्य प्रमुख अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दोनों ही पदाधिकारियों को उनके नियुक्ति पत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो संगठन के प्रति उनके समर्पण और कार्यक्षमता का प्रमाण हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में शिवसेना संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर कैप्टन अभिजीत अडसुल का आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन में यह नियुक्तियां संभव हो सकीं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने एवं प्रदेश में पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया है।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश के मकान में लगाई आग

**▸ मामला ढांचा भवन इलाके में 11 अप्रैल की रात का है, गैंगवार कारण बताया जा रहा**



**उज्जैन।** गैंगवार के चलते एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश के मकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई तीन दिन बाद वायरल हुए वीडियो के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

मामला ढांचा भवन इलाके में 11 अप्रैल की रात का है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज सोमवार को सामने आया है। इसमें रौनक गुर्जर के मकान के सामने खड़े बदमाश दिख रहे हैं। उनके हाथों में चाकू और दूसरे हथियार हैं। कुछ ही दूर उनके साथी दोपहिया वाहनों पर बैठे हैं। मकान के सामने खड़े एक बदमाश ने बोतल से भरा पेट्रोल मकान पर डाला। दूसरे ने चिंगारी दिखाई। पलक झपकते ही मकान जल उठा। मकान में लगी आग के बाद पेट्रोल छिड़क कर भाग रहे दो युवक भी वीडियो में झूलते हुए दिखाई दे रहे हैं। मामले में चिमनगंज टीआई विवेक कनोडिया ने कहा की सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपियों की पहचान कर रहे हैं। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल मकान में लगाई गई आग की किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सूत्रों के मुताबिक, मकान को आग लगाने पहुंचे 12 से ज्यादा बदमाश यशवेंद्र उर्फ छम्बू बुंदेला के गिरोह के सदस्य हैं। पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने ये काम किया। रौनक गुर्जर पर भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों के बीच लंबे समय से वर्चस्व की लड़ाई चली आ रही है।

## 15 करोड़ जुटाने टावर पर हुआ चैरिटी शो

**उज्जैन।** स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही नन्ही बिटिया काशी का जीवन बचाने के लिए शहर के सामाजिक संगठन आगे आए हैं। इसी कड़ी में हारमोनियम बिट्स एवं हम परिवार की ओर से टावर पर एक भावुक चैरिटी शो का आयोजन किया गया। काशी की इस दुर्लभ बीमारी के इलाज के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए की आवश्यकता है, जो किसी एक परिवार के लिए संभव नहीं है। ऐसे में जनसहयोग के माध्यम से ही उसे नई जिंदगी मिल सकती है। इस नेक पहल का नेतृत्व हारमोनियम बिट्स संस्था की अध्यक्ष प्रीति दीक्षित कर रही हैं। इस मुहिम के तहत दो दिवसीय चैरिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़कर मदद के लिए आगे आएं। संस्था ने अपील की है कि वे काशी के लिए बड़ी उम्मीद बनें।

# चार लेबर कोड रद्द करने की उठी मांग

**▸ एमपीएमआरए की 40वीं द्विवार्षिक आमसभा में विकास चौबे बने अध्यक्ष, पाटीदार कोषाध्यक्ष**

**उज्जैन।** छतरपुर में एमपीएमआरए की 40वीं द्विवार्षिक आमसभा संपन्न हुई। अधिवेशन में आगामी दो वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें उज्जैन के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। चुनाव में छतरपुर के विकास चौबे को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया, जबकि उज्जैन के निशिकांत पंड्या महासचिव और उज्जैन के ही देवनारायण पाटीदार कोषाध्यक्ष चुने गए। आमसभा के दौरान संगठन के सदस्यों ने सरकार से चार लेबर कोड को रद्द करने और त्रिपक्षीय वार्ता को पुन: प्रारंभ करने की प्रमुख मांग रखी। इस महत्वपूर्ण द्विवार्षिक सम्मेलन में उज्जैन से 25 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पटेरिया उपस्थित रहे। सम्मेलन में डॉ. मुकुल साहू, डॉ. सुलेखा खरे और मोनू यादव ने भी विशेष रूप से शिरकत की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी परवेज़ गौरी ने दी।



# किरायेदार ने चुराए थे लाखों के आभूषण

**उज्जैन।** ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले परिवार के यहां हुई लाखों के आभूषण चोरी में किराये से रहने वाला युवक शामिल होना सामने आया है। उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

नानाखेड़ा थाना पुलिस के अनुसार ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले रत्नेश जोशी के मकान में तीन दिन पूर्व लाखों के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया था। वारदात को बड़े ही शातिर तरीके से अंजाम दिया गया था। जोशी परिवार ने मकान की ऊपरी मंजिल पर रहने वाले किरायेदार वेदांत पिता बलराम त्रिवेदी निवासी ग्राम रावदिया पीर भाटपचलाना पर शंका जताई थी। पुलिस ने वेदांत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपने दो साथी मोहित उर्फ मोंटी पिता श्याम दत्ता निवासी चाणक्यपुरी और अक्षत उर्फ अंशु पिता रमेश ठाकुर निवासी सुदर्शन नगर के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने चोरी में शामिल दोनों आरोपियो को भी हिरासत में लिया और उनकी निशानदेही पर 7 लाख से अधिक के आभूषण बरामद कर लिए। सोमवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि चोरी के बाद तीनों ने आभूषण का बंटवारा कर लिया था। हिरासत में आने पर तीनों से पुलिस ने सोने की चार चूड़ियां, अंगूठी और अन्य आभूषण बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी किरायेदार पिछले कई महीनों से जोशी परिवार के यहां रहकर उज्जैन में पढ़ाई कर रहा है।

# सीसीटीवी कैमरों से सामने आया सच, युवक पर नहीं डाला था तेजाब

**▸ 29 वर्षीय युवक के साथ शराब की दुकान से लौटते समय हुई थी वारदात, युवक की शर्ट भी की बरामद**

**उज्जैन। चरक अस्पताल में भर्ती युवक ने तीन बदमाशों द्वारा लूटपाट करने और तेजाब डालकर लूटने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की जांच की और कैमरों के फुटेज देखे तो सच सामने आ गया, झुलसे युवक के साथ कैमरे में दिखे साथी से पूछताछ की गई।**

चरक अस्पताल में भर्ती शहीद नगर निवासी रोहित पिता हरिओम सोलंकी 29 वर्ष ने बताया कि वह हम्माली काम करता है। रात में कानीपुरा स्थित शराब दुकान पर गया था जहां शराब पीने के बाद वापस पैदल घर लौट रहा था रास्ते में गरोठ पुलिया के नीचे से गुजरते समय उसे बाइक से आए तीन अज्ञात बदमाशों ने रोका और मारपीट करने के बाद जेब में रखा मोबाइल और 3000 छीन लिए। यही नहीं बदमाशों ने उसे तेज़ाब पिलाने का प्रयास किया, जिसका विरोध करने पर उन्होंने शरीर पर ढोल दिया जिसके चलते उसका शरीर झुलस गया है। अस्पताल से मिली सूचना के बाद चिमनगंज थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गये, जिसमें झुलसे युवक के साथ एक अन्य व्यक्ति दिखाई दिया जिसकी पहचान मदन मिस्त्री के रूप में हुई। वह रोहित की शर्ट बदलता हुआ दिखाई दिया वहीं कुछ लोग युवक को देख अस्पताल ले जाने की बात भी कहते दिखाई दिए। लेकिन रोहित उनसे ही बात करता सामने आया। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार मदन मिस्त्री से पूछताछ करने पर तेजाब डालकर जलाने की पुष्टि नहीं हुई है झुलसे युवक का शर्ट भी बरामद किया गया है। जिससे तेजाब की डालने की बात सामने नहीं आई है। संभवत: शराब के नशे में बीड़ी सिगरेट जलाते समय शर्ट में आग लगी थी। जिसके चलते वह झुलस गया। कैमरों के फोटो सामने आने के बाद थाना प्रभारी ने घायल से ही पूछताछ कर झूठी कहानी रचने का खुलासा करने की बात कही है।

**फिल्टर प्लांट के दो सुरक्षा कर्मियों पर हमला**

उज्जैन। जंतर मंतर मार्ग पर पीएचई का फिल्टर प्लांट बना हुआ है। जहां मोनू पिता मोहन पटेल और गोविंद सुरक्षा कर्मी है दोनों रात में ड्यूटी करते हैं। रविवार रात तीन युवक प्लांट में घुस आए और शराब पीने लगे, दोनों सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रोका और प्लांट से बाहर जाने की बात कही तो तीनों ने उन पर हमला कर दिया। नीलगंगा थाना पुलिस फिल्टर प्लांट पहुंच गई थी दोनों घायल सुरक्षा कर्मियों को अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

# क्रिकेट मैच : पहले दिन वकीलों ने मारी बाजी, लाखों के इनाम दांव पर

**▸ 12 से 19 अप्रैल तक क्षीरसागर मैदान में होंगे रोमांचक मुकाबले**

**विजेता को 5.51 लाख, उपविजेता को 2 लाख**

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5 लाख 51 हजार रुपये और उपविजेता को 2 लाख 51 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी को मोटरसाइकिल प्रदान की जाएगी। मैच के दौरान कैच पकड़ने वाले को 1000 रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा।

**उज्जैन।** शहर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फिरोजिया ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। क्षीरसागर मैदान पर 12 से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया और प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के मुकाबले प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 1 बजे तक खेले जाएंगे। शुभारंभ अवसर पर पहला मुकाबला बालिकाओं के बीच खेला गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। इसके पश्चात दूसरा मैच प्रेस क्लब और वकीलों की टीम के बीच खेला गया। जिसमें वकीलों की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। अतिथियों ने मैदान पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करती है, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि, अनुशासन और टीम भावना को भी सशक्त बनाती है। आयोजकों का मानना है कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और स्वस्थ समाज की नींव है। आशा है कि इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी।

# दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन




**उज्जैन।** अधिवक्ता परिषद मालवा प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग 11 एवं 12 अप्रैल को स्थान राजेंद्र सूरी शोध संस्थान देवास रोड उज्जैन पर किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दुबे, क्षेत्रीय संयोजक प्रदीप सिंह, प्रांत अध्यक्ष उमेश यादव, प्रांत महामंत्री प्रसन्ना भटनागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकम के दौरान अतिथियों ने अधिवक्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, सामाजिक दायित्व एवं विधिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजनअधिवक्ता परिषद जिला इकाई उज्जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अजय पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष विशाल चौबे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# संत कंवर राम को किया नमन

**▸ संत कंवर राम स्मरण समिति एवं सकल सिंधी समाज के तत्वावधान में आयोजन**

**उज्जैन।** अखंड भारत सिंध के महान संत कंवर राम की जयंती अलख धाम नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। संत कंवर राम स्मरण समिति एवं सकल सिंधी समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाजजनों ने संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने महान संत के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश परियानी, इकबाल सिंह गांधी और किशोर खंडेलवाल उपस्थित रहे। आयोजन में विशेष रूप से सुनील नवलानी, अरुण रोचवानी, सुनील खत्री, गोपाल बलवानी, दीपक बेलानी, डॉ. मुकेश जेठवानी, लॉकेश अडवाणी, ललित लुला, राजकुमार परसवानी, किशोर मुलानी, कमल शाहलानी, किशोर बजाज, सुनील माखीजा, अशोक बजाज और रतन काका मौजूद थे। जयंती समारोह में मातृशक्ति की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस दौरान रिंकू बेलानी, शोभा शर्मा, वीणा परसवानी, कमला जेठवानी, जया जेठवानी और दीपा खत्री सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग उपस्थित थे।

**परिसरमें निरीक्षण ▸ समय पर पूरे करने के निर्देश, श्रद्धालुओं का भी ध्यान रखें**

# मंदिर प्रशासक ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने सोमवार को मंदिर परिसर के अंदर व बाहर की तरफ चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाएं भी देखी और कहा कि निर्माण समय पर पूरे कर लिए जाएं वहीं दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न आए।

प्रशासक ने कहा कि गर्मी के समय श्रद्धालुओं को दर्शन पथ पर गर्मी से बचाव हेतु ठंडी पेयजल व्यवस्था करने, मेटिंग बिछाने, छाया रखने व स्वच्छता के भी निर्देश दिए। इस दौरान मंदिर के सुरक्षा अधिकारी जयंत राठौर, सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल, सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया, इंजीनियर शिवकांत पांडे सहित मंदिर प्रबंध समिति के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**महिला क्रिकेटर भाटिया महाकाल की भस्मारती में शामिल**-भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज यास्तिका भाटिया रविवार को सुबह उज्जैन आई। वे यहां महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई। उन्होंने परिवार के साथ भगवान के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। भाटिया ने कहा कि परिवार के साथ बाबा के दर्शन से मन को शांति और संतोष प्राप्त हुआ है। भाटिया ने फरवरी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से भारतीय महिला क्रिकेट टीम में पदार्पण किया था।